झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री ने लातेहार में एनडीडीबी के गिफ्टमिल्क कार्यक्रम का शुभारंभ किया

झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास ने 21 नवंबर, 2017 को लातेहार जिले के सरकारी स्कूलों में बारह हज़ार विद्यार्थियों के लिए एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रीशन (एनएफएन) के गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम की शुरुआत की। रुरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी), भारत सरकार की नवरत्न उद्यम अपने सीएसआर फण्ड के तहत कार्यक्रम को वित्तपोषित कर रही है। झारखंड मिल्क फेडरेशन (जेएमएफ) बच्चों को फोर्टीफाइड फ्लेवर्ड पॉश्च्यूराइज्ड दूध प्रदान करेगा। जेएमएफ सभी कार्य दिवसों में प्रतिदिन प्रति छात्र 200 मिलीलीटर दूध वितरित करेगा।

कार्यक्रम को शुरू करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास ने कहा कि बच्चे ही मजबूत, जीवंत और गतिशील भारत की नींव हैं। प्रारंभिक वर्षों में उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार, देश में लगभग 36% बच्चे कुपोषित हैं। झारखंड में कुपोषण दर देश की औसत कुपोषण दर से ऊपर है, झारखण्ड में कुल 48% बच्चे कुपोषित हैं। कुपोषण की समस्या को दूध के माध्यम से हल किया जा सकता है क्योंकि यह एक पौष्टिक आहार है। बच्चों द्वारा दूध के नियमित उपभोग से उनके स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक मापदंडों में गुणात्मक सुधार होता है और साथ ही पोषण संबंधी कमी भी दूर होती है।

इस पहल के बारे में बोलते हुए एनडीडीबी के अध्यक्ष श्री दिलीप रथ ने कहा कि एनडीडीबी ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष 2015-16 में अपनी सहायक कंपनियों के साथ एक महान मिशन की शुरुआत की थी जिससे बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सके। इस मिशन के अंतर्गत हर बच्चे को एक गिलास दूध उपलब्ध करवाने के लिए एनडीडीबी प्रयत्नशील है। इस मिशन की प्राप्ति के लिए एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रीशन (NFN) का गठन किया गया।